एक्सप्रेसवे का 'किंग' है ये राज्य, 5-7 नहीं पूरे 13 Expressway, सबसे लंबा एक्सप्रेसवे भी इसी प्रदेश में

एक्सप्रेसवे पर गाड़ियों की अधिकतम स्पीड 120 KMPH होती है. (Canva)

Highest Number of Expressways: भारत में अब तक कुल 23 एक्सप्रेसवे पूरी तरह से काम कर रहे हैं. इसके अलावा 18 एक्सप्रेसवे ...अधिक पढ़ें

• NEWS18 हिंदी
• LAST UPDATED : MAY 21, 2023, 13:23 IST

Follow us on

WRITTEN BY : Jai Thakur

हाइलाइट्स

- उत्तर प्रदेश में फिलहाल 7 एक्सप्रेसवे पर परिचालन होता है.
- इसके अलावा बाकी एक्सप्रेसवे अभी निर्माणाधीन हैं.
- यूपी में स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की लंबाई 340 किलोमीटर है.

Highest Number of Expressways: देश में बहुत तेजी के साथ एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जा रहा है. एक्सप्रेसवे को आर्थिक प्रगति के लिए बेहद महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में देखा जा रहा है. भारत में अभी 23 एक्सप्रेसवे ऐसे हैं जो पूरी तरह से कार्यरत हैं. इसके अलावा 18 एक्सप्रेसवे पर काम चल रहा है. इनमें दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे भी शामिल हैं जिसका पहला फेज आम लोगों के इस्तेमाल के लिए खोल दिया गया है. बहरहाल, फुली फंक्शनल एक्सप्रेसवे की संख्या के मामले में उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है. यहां कुल 13 एक्सप्रेसवे हैं.

इन 13 एक्सप्रेसवे में एक पूर्वांचल एक्सप्रेसवे भी है जो फिलहाल देश का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे है. इसकी लंबाई करीब 340 किलोमीटर है. वैसे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के पूरा हो जाने के बाद उसकी लंबाई सर्वाधिक होगी. दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे करीब 1300 किलोमीटर से अधिक है. बहरहाल, एक्सप्रेसवेज के मामले में यूपी देश का अव्वल राज्य बना हुआ है.

ये भी पढ़ें- कहां है भारत का सबसे पुराना हाईवे, कितनी है इसकी उम्र, क्या आज भी चलती हैं इस पर गाड़ियां?

उत्तर प्रदेश में कौन-कौन से एक्सप्रेसवे

यूपी में कुल 13 एक्सप्रेसवे हैं. इनमें से 7 यातायात के लिए पूरी तरह से चालू हैं जिनके नाम इस प्रकार हैं- पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, यमुना एक्सप्रेसवे, इलाहाबाद बाइपास एक्सप्रेसवे, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे, बेलघोरिया एक्सप्रेसवे. इसके अलावा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे, अपर गंगा कैनाल एक्सप्रेसवे और लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे का काम चल रहा है.

कहां है सबसे छोटा एक्सप्रेसवे

देश का सबसे छोटा एक्सप्रेसवे 4.4 किलोमीटर लंबा है. यह दिल्ली और फरीदाबाद के बीच बनाया गया है. यह दिल्ली-मथुरा रोड पर ही चलता है. इस एक्सेस कंट्रोल्ड हाईवे जिसमें लगातार पुल आते रहते हैं. इसलिए इसे दिल्ली-फरीदाबाद स्काईवे के नाम से भी जाना जाता है.